# पीएम-अभिम

**[स्रोत: पी.आई.बी](#)**

हाल ही में, **केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने लोकसभा** में एक लिखित उत्तर में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission- PM ABHIM) पर जानकारी प्रदान की।

- **पीएम** आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना **(PMASBY)**, जिसका **नाम अब PM-ABHIM रखा गया है**, कुछ केंद्रीय क्षेत्र घटकों के साथ सबसे बड़ी अखिल भारतीय केंद्र प्रायोजित योजना **(CSS)** में से एक है।
    - इसे **वर्ष 2021 में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय** द्वारा योजना अवधि **(वर्ष 2021-22 से 2025-26) के लिये 64,180 करोड़ रुपए** के परिव्यय के साथ लॉन्च किया गया था।
- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य महामारी संबंधी तैयारियों में सुधार करना तथा **भारत की प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल अवसंरचना** प्रणालियों को सुदृढ़ बनाना है।
    - यह सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में **बुनियादी ढाँचे की कमी** को दूर करके **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM)** को पूरक बनाता है।
- इस पहल में ग्रामीण क्षेत्रों में **17,788 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 11,024 शहरी स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र, 3,382 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयाँ, 730 ज़िला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएँ** और 5 लाख से अधिक आबादी वाले ज़िलों में **602 क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक** का निर्माण शामिल है।
- **अन्य संबंधित सरकारी पहल:**
    - आयुष्मान भारत
    - पीएम आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना

**और पढ़ें:** भारत का स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचा

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-abhim